## राजभाषा के उत्कृष्ट कार्य-निष्पादन के लिए
## नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, अहमदाबाद की ओर से

# अंतरिक्ष उपयोग केंद्र को द्वितीय पुरस्कार

अंतरिक्ष उपयोग केंद्र को अहमदाबाद नगर में केंद्रीय सरकार के कार्यालयों (100 से अधिक कर्मचारी संख्या) की श्रेणी में वर्ष 2023-24 के दौरान उत्कृष्ट राजभाषा कार्यान्वयन के लिए नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, अहमदाबाद की ओर से 26 जून, 2024 को भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम), अहमदाबाद में संपन्न नराकास, अहमदाबाद की 83 वीं बैठक में द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विगत कई वर्षों से सैक को नराकास से लगातार पुरस्कार प्राप्त होते रहे हैं।








श्री यशवंत यू. चव्हाण, अध्यक्ष, नराकास/ प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त, गुजरात, अहमदाबाद के कर-कमलों से निदेशक, सैक की तरफ से श्री विवेक कुमार जैन, सह-अध्यक्ष, राभाकास/ नियंत्रक, सैक ने पुरस्कार स्वरूप शील्ड एवं प्रमाण-पत्र ग्रहण किया। श्रीमती नीलू सेठ, उप-निदेशक/ सचिव, राभाकास, सैक को भी राजभाषा के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए सराहना स्वरूप शील्ड एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस बैठक में अहमदाबाद नगर में स्थित केंद्रीय सरकार के कार्यालयों तथा सार्वजनिक उपक्रमों/ निगमों के कार्यालय प्रधान एवं राजभाषा अधिकारी भी उपस्थित थे।


भारत सरकार
राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति
(प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त-गुजरात कार्यालय, अहमदाबाद)

**प्रशस्ति-पत्र**

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, अहमदाबाद के स्तर पर वर्ष 2023-24 के दौरान भारत सरकार की राजभाषा नीति के श्रेष्ठ कार्यान्वयन के लिए अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र, इसरो, अहमदाबाद कार्यालय ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया है। राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें शील्ड तथा प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया जाता है।

पुरस्कृत कार्यालय के सभी कार्मिकों से यह अपेक्षा है कि वे अपने सरकारी कार्यों में हिन्दी के प्रयोग में उत्तरोत्तर वृद्धि करते रहें।

(यशवंत यू. चव्हाण)
अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति एवं
प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त - गुजरात, अहमदाबाद

स्थान : अहमदाबाद
दिनांक : 26.06.2024

कार्यालय को प्रदत्त प्रशस्ति-पत्र


भारत सरकार
राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति
(प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त-गुजरात कार्यालय, अहमदाबाद)

**प्रशस्ति-पत्र**

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, अहमदाबाद के स्तर पर वर्ष 2023-24 के दौरान भारत सरकार की राजभाषा नीति के श्रेष्ठ कार्यान्वयन के लिए अंतरिक्ष उपयोग केन्द्र, इसरो, अहमदाबाद कार्यालय ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया है। राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए इस कार्यालय के श्रीमती नीलू सेठ, उप निदेशक (राजभाषा) को शील्ड तथा प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया जाता है।

पुरस्कृत अधिकारी से अपेक्षा है कि वे राजभाषा की सर्वतोमुखी प्रगति हेतु निरंतर प्रयत्नशील रहेंगे।

(यशवंत यू. चव्हाण)
अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति एवं
प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त - गुजरात, अहमदाबाद

स्थान : अहमदाबाद
दिनांक : 26.06.2024

उप निदेशक (रा.भा.) को प्रदत्त प्रशस्ति-पत्र











## नराकास, अहमदाबाद की 83वीं बैठक की झलकियाँ